
Padma Shri



Dr. Prafulla Kar

Dr. Prafulla Kar is the cultural icon and music legend of Odisha, who has to his credit variety of creative works in the field of Music. For more than four decades, he has enthralled audiences and fans in Odisha and abroad with his distinctive singing, compositions and lyrics.


2. Born on November 10, 1939, Dr. Kar obtained B.A. in Economics Honours and L.L.B. degrees from Utkal University. He subsequently added the Sangeet Alankar from Akhil Bharat Gandharva Mahavidyalaya, Maharastra. He is an acclaimed "Top Grade" senior most vocalist, composer and lyricist for All India Radio, Television and large concerts. Dr. Kar has directed music for about 80 Oriya Films as well as four Bengali films. He has rendered his voice as a playback singer to about 100 Oriya films and has written more than 500 songs for Oriya films.

3. Dr. Kar has to his credit publication and compilation of selected devotional lyrics titled "Anjya Mala" and "Krupajala", and a compilation of creative writings titled "Saunta Kahani" Part-I to Part-V. His creative writings have been highly acclaimed by the eminent writers and people of Odisha. Dr. Kar has recorded hundreds of disks, cassettes and CDs for Govt. of Odisha, various companies and music institutions including Oriya Bhagabat - (Set of seven cassettes by H.M.V.).

4. Dr. Kar has been a member of jury in different institutions notables among them are National Scholarship board examination for different artist conducted by Ministry of Culture, New Delhi, All India Radio Audition Board, Cuttack & New Delhi, Academic Council of Utkal University of Culture, Bhubaneswar, The expert committee board for formation of Odissi Classical Music conducted by Odissi Research Centre, Bhubaneswar, Odisha Sahitya Academy Award, Odisha etc.

5. Apart from his extensive tour in India, Dr. Kar has represented India many times to promote Indian and specially Orissi Music in foreign countries like USSR, Australia, Fizi Island, U.S.A., U.K., Brazil, Dubai, Singapore, Germany, Japan, Indonesia, Middleast, etc. Dr. Kar is currently involved in research on Odissi Music in an effort to establish it as recognised classical Music form of India. He is also trying to bring out the young talented singers of the state in order to establish them in the national music scenario through his institution "Sanskar".

6. Dr. Kar has received various honours and awards including Jayadev Award - Highest Honour by Dept. of Culture, Govt. of Odisha, Odisha Sangeet Natak Academy Award, Govt. of Odisha, Odisha Sahitya Academy Award, Govt. of Odisha etc. The Govt. of Odisha has also honoured Dr. Kar with the highest number of Best Music Director Award for Oriya films on eight occasions, out of which six were given on consecutive occasions, a record achievements even at the National level. He has also been conferred Degrees of Honourary Doctor of Literature (Honouris Causa) and D. LITT by Utkal University of Culture.



डॉ. प्रफुल्ल कर

डॉ. प्रफुल्ल कर, ओडिशा के सांस्कृतिक आइकॉन और संगीत के लीजेंड हैं। आपके पास संगीत के क्षेत्र में कई प्रकार की सृजनात्मक कृतियां हैं। चार से अधिक दशकों से आपने ओडिशा और विदेशी श्रोताओं और प्रशंसकों को अपनी विशिष्ट गायकी, संयोजन और गीतों से आनंदित किया है।

2. आपका जन्म नवम्बर 10, 1939 को हुआ। आपने उत्कल विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र ऑनर्स में स्नातक की डिग्री और एल.एल.बी की डिग्री प्राप्त की। बाद में आपने अखिल भारत गंधर्व महाविद्यालय, महाराष्ट्र से संगीत अलंकार की डिग्री प्राप्त की। आपको आकाशवाणी, दूरदर्शन और बड़े संगीत समारोहों में "टॉप ग्रेड" वरिष्ठतम गायक, संयोजक और गीतकार माना जाता है। आपने लगभग 80 उड़िया फिल्मों के साथ-साथ चार बंगाली फिल्मों का भी संगीत निर्देशन किया। आपने लगभग 100 उड़िया फिल्मों में पार्श्व गायक के रूप में अपनी आवाज़ दी और उड़िया फिल्मों के लिए 500 से अधिक गीत लिखे हैं।

3. आपने "अंज्य माला" और "क्रुपजाल" शीर्षक से चुने हुए भक्तिमय गीतों का प्रकाशन और संकलन किया है और "सोंता कहानी" भाग-I से भाग-V के शीर्षक से सृजनात्मक लेखों का संकलन किया है। ओडिशा के प्रतिष्ठित लेखकों और लोगों द्वारा आपकी सृजनात्मक रचनाओं को अत्यधिक सराहा गया है। आपने ओडिशा सरकार, विभिन्न कंपनियों और उडिया भागवत सहित संगीत संस्थानों के लिए सैकड़ों डिस्क, कैसेट और सी डी रिकार्ड की हैं (एच.एम.वी. द्वारा सात कैसेट का सैट)।

4. आप कई संस्थानों के निर्णायक मंडल के सदस्य रहे जिनमें संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित विभिन्न कलाकारों के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति बोर्ड परीक्षा, आकाशवाणी ऑडीशन बोर्ड, कटक और नई दिल्ली, उत्कल संस्कृति विश्वविद्यालय शैक्षणिक परिषद, भुवनेश्वर, ओडिशा अनुसंधान केन्द्र, भुवनेश्वर द्वारा आयोजित ओडिशी शास्त्रीय संगीत की तैयारी के लिए विशेषज्ञ समिति बोर्ड, ओडिशा साहित्य अकादमी पुरस्कार, ओडिशा आदि मुख्य हैं।

5. भारत का व्यापक भ्रमण करने के अलावा, आपने यू एस एस आर, ऑस्ट्रेलिया, फिज़ी द्वीपसमूह, यू.एस.ए., यू.के., ब्राज़ील, दुबई, सिंगापुर, जर्मनी, जापान, इंडोनेशिया, मध्यपूर्व आदि जैसे दूसरे देशों में भारतीय और विशेष रूप से ओडिशी संगीत का प्रसार करने के लिए कई बार भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस समय आप ओडिशी संगीत पर अनुसंधान कर रहे हैं ताकि भारत के मान्यता प्राप्त शास्त्रीय संगीत के रूप में इसे स्थापित किया जा सके। आप राज्य के प्रतिभा संपन्न युवा गायकों को भी आगे लाने का प्रयास कर रहे हैं ताकि उन्हें आपके "संस्कार" नामक संस्थान के माध्यम से राष्ट्रीय संगीत परिदृश्य में स्थापित किया जा सके।

6. आपको कई सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं जिनमें संस्कृति विभाग, ओडिशा सरकार का सर्वोच्च सम्मान "जयदेव पुरस्कार", ओडिशा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, ओडिशा सरकार, ओडिशा साहित्य अकादमी पुरस्कार, ओडिशा सरकार आदि शामिल हैं। ओडिशा सरकार ने भी आपको सबसे अधिक आठ बार उडिया फिल्मों के लिए श्रेष्ठ संगीत निर्देशक पुरस्कार से सम्मानित किया है जिनमें से छ: अवसर ऐसे हैं जब आपको लगातार पुरस्कृत किया गया है जो राष्ट्रीय स्तर पर भी एक रिकार्ड उपलब्धि है। आपको उत्कल संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा ऑनरेरी डॉक्टर ऑव लिटरेचर (ऑनरिस कौसा) और डी.लिट. की डिग्रियां भी प्रदान की गई।